खबर संक्षेप

## अंजनिया पुलिस ने पकड़ी 20 लीटर कच्ची शराब

**अंजनिया।** आगामी लोकसभा निर्वाचन वर्ष 2024 को ध्यान में रखते हुए। मण्डला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले के समस्त थानों एवं चौकियो में अवैध काम करने वालों के प्रति कार्यवाही के सत्य निर्देश दिए गए हैं ताकि अवैध गतिविधियों पर लगाम लग सके। इसी कड़ी में नैनपुर एसडीओपी के मार्गदर्शन में बम्हनी थाना के चौकी अंजनिया पुलिस द्वारा आरोपी गोलू उर्फ शिवेंद्र पिता जगन्नाथ साहू 27 वर्ष सा. करियागांव और सरला पटेल पति महेंद्र पटेल उम्र 45 वर्ष सा मांद इन दोनों के कब्जे से 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की है जिसकी कीमत 2000 रूपये के आसपास है। धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर एक अनावेदक के विरुद्ध धारा 110 जा फ़ौ एवं दूसरा अनावेदक विरूद्ध धारा 107, 116 (3) जा. फ़ौ. की कार्यवाही की गई हैं। इस कार्यवाही में एएसआई अशोक चौधरी, एचसी उत्तम पटैल, सीआई सुनील सिंह, एच जी टिकू जंघेला. आईसी रीतू मरावी की अहम भूमिका रही है।

## द्वितीय दिवस जिले में एक नामांकन भरा गया

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन के द्वितीय दिवस 21 मार्च को मण्डला संसदीय क्षेत्र में एक अभ्यर्थी फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा भारतीय जनता पार्टी की ओर से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2024 नियत है।

## वीडियोग्राफर तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग संबंधी प्रशिक्षण 23 को

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत निर्वाचन संबंधी अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण 23 मार्च 2024 को जिला योजना भवन में आयोजित होगा। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नियुक्त समस्त वीडियोग्राफर का प्रशिक्षण 23 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से 11 बजे तक तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग संबंधी प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला योजना भवन में आयोजित किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता के लिए मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित

**मण्डला।** नैनपुर क्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मतदान के महत्व, वोट के लिए प्रेरित करने से संबंधित आकर्षक मेंहदी बनाई।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का आज होगा मण्डला आगमन

# भाजपा प्रत्याशी कुलस्ते आज भरेंगे नामांकन

* भाजपा जिला कार्यालय भी जायेंगे मुख्यमंत्री श्री यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा का 22 मार्च को जबलपुर से सड़क मार्ग द्वारा मण्डला आगमन दोपहर 12 बजे होगा। मुख्यमंत्री श्री यादव रपटा घाट में नर्मदा पूजन करेंगे। तत्पश्चात रानी दुर्गावती की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा स्थल पहुंचेंगे। दोपहर 1:00 बजे निषाद राज भवन स्टेडियम के पास स्थित मैदान में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे,साथ ही फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली में शामिल होंगे। मण्डला लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, राष्ट्रीय मंत्री विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, अवधराज बिलैया, आलोक दुबे, अभिलाष मिश्रा, लोकसभा प्रभारी विनोद मिश्रा, संयोजक प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मण्डला संजय कुशराम, जिला पंचायत अध्यक्ष डिण्डोरी रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति कोकडिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सिवनी मालती डेहरिया, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, पंडित सिंह धुर्वे, रामप्यारे कुलस्ते, झल्लू लाल तेकाम, डॉ सी एस भवेदी, डी सी उरैती, राकेश पाल, सहित सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समर्थक, भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दोपहर 3 बजे अपना चुनाव नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जनसभा उपरांत नामांकन रैली सभा स्थल से आरंभ होकर रेडक्रास के सामने से सिटी कोतवाली बैगा बेगी चौक होते हुए कलेक्टेड कार्यालय पहुंचेगी।

### मुख्यमंत्री श्री यादव, प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा नामांकन रैली के पश्चात 3:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं लोकसभा एवं विधानसभा की प्रबंध समितियों से भेंट करेंगे। तत्पश्चात शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा बालाघाट प्रबंध समिति की आयोजित बैठक होटल विट्ठल इन जबलपुर रोड मण्डला में शामिल होकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मण्डला नगर में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत बकोरी मण्डल नारायणगंज मण्डल एवं बीजाडांडी मण्डल में आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान में शामिल होते हुए जबलपुर हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान करेंगे।



## मधुमक्खी के हमले से एक ही परिवार के पांच लोग घायल



* एक बच्ची और तीन लोगों का नारायणगंज सीएचसी में चल रहा उपचार, एक मंडला रैफर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला- जबलपुर मार्ग पर नारायणगंज ब्लाक के ग्राम परतला में एक ही परिवार के पांच लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। एक ही परिवार के पांच लोग जिसमें एक सात वर्षीय बालिका भी शामिल थी, अपनी जान बचाने पास ही स्थित नदी में पहुंच गए। मधुमक्खियों की संख्या बहुत ज्यादा थी। पांचों लोग मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। पानी का सहारा नहीं लिया होता तो कुछ भी हो सकता था। जैसे तैसे पांचों लोग वहां से निकलकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे।

जानकारी अनुसार नारायणगंज के ग्राम परतला में एक ही परिवार के चार भाई और एक भाई की सात वर्षीय बेटी पूजन करने के लिए पास के ही खैरमाई माता मंदिर गए हुए थे। जहां सभी ने पूजन पाठ किया। इसके बाद अचानक पेड़ में लगे मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक धावा बोल दिया। पेड में बहुत ज्यादा मधुमक्खी के छत्ते लगे हुए थे। जिसके कारण मधुमक्खियों का बहुत बड़े झुंड ने यहां पूजन करने पहुंचे बघेल परिवार पर हमला बोल दिया।

ज्ञात हो कि मधुमक्खियों का शिकार हुए बघेल परिवार के लोगों ने अपनी जान बचाने पास ही स्थित पानी का सहारा लिया। लेकिन जब तक काफी देर हो चुकी। मधुमक्खियों के झुंड ने पांच लोगों को काफी डंक मार चुके थे। सात वर्षीय बच्ची को भी बचाने का खूब प्रयास किया गया, लेकिन बच्ची भी इनका शिकार हो गई।

बताया गया कि मधुमक्खियों के हमले में एक ही परिवार के पांच लोगों में अशोक पिता रामेश 35 वर्ष, संतोष पिता रामेश 35 वर्ष, परमता पिता रामेश 47 वर्ष, सुभाष पिता रामेश 52 वर्ष समेत सात वर्षीय बालिका भक्ती निवासी सभी ग्राम परतला मधुमक्खियों के शिकार हुए। पांच घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लाया गया। जहां सभी उपचार शुरू किया गया। जिसमें सुभाष की हालत को देखते हुए चिकित्सक ने इन्हें मंडला रैफर कर दिया। बाकी चार लोगों का उपचार नारायणंज में ही चल रहा है। जिनकी हालत अभी ठीक है।

## निर्वाचन की विश्वसनीय कायम रखने अभ्यर्थियों के व्यय की सजग मॉनिटरिंग आवश्यक

* व्यय प्रेक्षक ने ली सहायक प्रेक्षक तथा नोडल अधिकारियों की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक नाडिग विश्वास ने संसदीय क्षेत्र के सभी सहायक व्यय प्रेक्षक तथा नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की निष्पक्षता और विश्वसनीयता कायम रखने के लिए अभ्यर्थियों के व्यय की सजग मॉनिटरिंग आवश्यक है। इस संबंध में गठित टीमें आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए निर्वाचन को बेहतर तरीके से संपन्न कराएं। सर्किटहाउस में संपन्न हुई इस बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना सहित संबंधित उपस्थित रहे।

श्री विश्वास ने कहा कि संबंधित अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन से संबंधित सभी गतिविधियों में लगातार नजर रखें। पैसा, शराब सहित अन्य सामग्रियों के परिवहन तथा भंडारण पर नजर रखें। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी तथा वीडियो निगरानी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों पर नजर रखें। मतदाताओं को प्रभावित करने से संबंधित जानकारी मिलते ही तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें। बैंकर्स अभ्यर्थियों के नए खाते प्राथमिकता से खोलें तथा संदिग्ध लेनदेन की जानकारी तत्काल कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराएं। उन्होंने व्यय लेखा संधारण टीम के प्रशिक्षण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## व्यय प्रेक्षक तथा कलेक्टर ने किया चैक पोस्ट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत मंडला संसदीय क्षेत्र क्रमांक 14 के लिए भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त व्यय प्रेक्षक नाडिग विश्वास तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कटरा तथा नैनपुर में बनाए गए चैकपोस्टों का निरीक्षण करते हुए स्थैतिक दल एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री विश्वास ने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान यात्रियों को परेशानी न हो। यदि कोई सामग्री या नगद राशि जब्त की जाती है तो संबंधितों को डीजीसी के समक्ष अपील के प्रावधान से भी अवगत कराएं। उन्होंने दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा वाहनों की जांच की कार्यवाही के समय की जाने वाली वीडियोग्राफी की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि चैकपोस्टों पर तैनात कर्मचारियों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित उपस्थित रहे।



निर्देश

### गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश।

# निजी नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध





* पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत लिया निर्णय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा आगामी 1 अप्रैल से 31 जुलाई 2024 तक निजी तथा अशासकीय नलकूप खनन प्रतिबंधित कर दिया गया है। उक्त के संबंध में कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मण्डला जिले में विकासखण्ड मण्डला, मोहगांव, मवई, घुघरी, नैनपुर, बिछिया, नारायणगंज, बीजाडांडी एवं निवास में पेयजल स्त्रोतों, नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। गिरते भू-जल स्तर के कारण जिले के मण्डला, नैनपुर, बिछिया घुघरी, नारायणगंज एवं निवास तहसीलों में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को देखते हुये मण्डला जिले की मण्डला, नैनपुर, बिछिया घुघरी, नारायणगंज एवं निवास तहसीलों में मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पेयजल से भिन्न अन्य प्रयोजन के लिए नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक हो गया है। स्थिति का परीक्षण किये जाने पर यह परिलक्षित हुआ है कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नही लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है।

अतएव कलेक्टर ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा-3 के अंतर्गत मण्डला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेशानुसार प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास कर रही मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफ. आई. आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया जाता है।

## सीमा क्षेत्रों में चैक प्वॉइंट बनाकर पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। आगामी 19 अप्रैल को मण्डला में लोकसभा चुनाव संपन्न होने है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही जिला व पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले की बाहरी सीमाओं पर दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रहीं हैं, वही अन्य वाहनों को भी चेकिंग से गुजरना पड़ेगा। ऐसे मे जिले की समस्त सीमा क्षेत्रों मे चेक प्वाईंट बनाकर जांच की जा रही है। अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर चौबीसों घंटे पुलिस व प्रशासन के अमले द्वारा बाहरी राज्यों से आने वाले समस्त वाहनों की बारिकी से चैकिंग एवं उनपर नजर रखी जा रहीं हैं वही जिलें की सीमाओं में स्थित चैक पोस्ट पर जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की सतत सघन चैकिंग की जा रहीं हैं।



### जिला एवं केन्द्रीय शस्त्र बल द्वारा गावों एवं कस्बों में लगातार किया जा रहा मार्च

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही पुलिस द्वारा थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार भ्रमण किया जा रहा हैं। अनुविभाग बिछिया अंतर्गत छत्तीसगढ़ से लगे थाना मवई एवं मोतीनाला के गॉव व अंचलों में पुलिस एवं सीआरपीएफ के शस्त्र जवानों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

खबर संक्षेप

## अभी तक नहीं बदली शुक्रवारा बजारिया की तस्वीर

**गाडरवारा।** बदले दौर में शहर के बाजार का विस्तार होने के बावजूद शहर के शुक्रवारा बाजार की उस बजारिया की तस्वीर दुर्भाग्य से अभी तक नही बदल पायी है, जिसमें अधिकतर टीन का काम कर जीविका चलाने वाले, टेलर,केशकल्पी, मानिहारी की सामग्री बेचने वाले लोग पूरी ताकत से मेहनत कर अपनी रोजीरोटी चलाते है। गौरतलब है कि इस बजरिया में संकीर्णता होने की स्थिति में बहुत सी छोटी अव्यवस्थित दुकानो का जाल फैला हुआ है और ग्राहको की भीड़ अधिक होने पर उक्त बजारिया में आवागमन करना कठिन हो जाता है, इस शुक्रवारा बजारिया में अनेक लोग बीते हुई कई वर्षो से अपनी दुकाने चला रहे व्यापारियो ने बताया कि वे तरतीब से इस बजारिया में दुकाने बनने का लम्बे समय से इंतजार कर रहे है। मगर बदनसीबी से उनका यह अरमान पूरा नहीं हुआ है, जिसका परिणाम है कि वे बजारिया में मूलभूत सुविधाओं की कमी की समस्या झेलते हुए बाबा आदम के जमाने की बनी बेनूर दुकानो का संचालन कर अपने परिवारजनो का भरण पोषण करने मजबूर है, उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार विकास होने के बाद भी नगर की इस शुक्रवारा बजारिया की दशा में बदलाव करने अभी तक प्रशासन ने प्रयास नही किए है, उन्होने शासन प्रशासन से गुहार लगायी है कि शुक्रवारा बजारिया का कायाकल्प करने की दिशा में शीघ्र पहल की जाए।

## आखिरकार कहा गायब हो गई शासन की चार साल पहले शुरू

**गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि नगर में शासकीय भूमि पर जिस प्रकार से लगातार अतिक्रमण होने के साथ साथ पक्के आवासों का निर्माण होते हुये देखा जा रहा है जिसका परिणाम है कि शासकीय भूमि नक्से में तो दिखाई दे रही है। मगर मौके से गायब होने से नही चूक पा रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय में देखने मिल रही है जिसके चलते यदि यहां की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासकीय चिकित्सालय के पास कहने के लिये तो कई एकड़ भूमि है। मगर अनेक प्रभावशालियों द्वारा जिस प्रकार से चिकित्सालय की भूमि पर अपना कब्जा जमाते हुये पक्के निर्माण किये गये है उसके चलते यह भूमि काफी हद तक अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है। इस तहर से शासकीय भूमि को अतिक्रमणमारियों से मुक्त कराने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लगभग चार साल पहले कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन विधायक श्रीमति सुनीता पटैल द्वारा भी अधिकारियों को शासकीय भूमि को भू माफियों से मुक्त कराने के लिये सख्त आदेश जारी किये गये थें। जिसके चलते शासन प्रशासन की इस पहल के चलते निश्चित तौर से लगभग चार साल पहले स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी नगर की शासकीय चिकित्सालय की भूमि से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने की तैयारी पूरी कर ली गई थी और इसी के चलते 7 जनवरी 2020 राजस्व विभाग के अधिकारियों को शासकीय चिकित्सालय की भूमि का नापतौत करते हुये देखा भी गया था? इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस तरह अधिकारियों द्वारा नगर के शासकीय चिकित्सालय की भूमि की नाम तौल करते हुये चूना डाला गया था उससे अनुमान लग रहा था कि शायद अब यहां की भूमि अतिक्रमण से मुक्त हो जावेगी? मगर पता नही अचानक प्रशासन की वह मुहिम कहा गायब हो गई जिसे वर्षो का समय बीते जाने के बाद भी आज तक पता नही चल पाया है? इस प्रकार से म.प्र. शासन के आदेश पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गठित टीम ने कुछ साल पहले नगर के सरकारी अस्पताल की जमीन का नापजोख कर चूने की लाईनें डाली गई थी और डाली गई इन चूने की लाईन के अंदर की जमीन सरकारी अस्पताल की बताई जा रही है।

### शक्कर नदी में लगे हुये मेले के दौरान बिखरी हुई पन्नी, नदी के पानी में बढ़ रही प्रदूषण...?

# पॉलीथिन मुक्त मेले का भरोसा निकला झूठा






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा**

जहां एक ओर देश के प्रधान मंत्री द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाते हुये स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत बनाने के प्रयास किया जा रहे है तो दूसरी ओर स्थानीय नगर पालिका द्वारा भी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर लाखों रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर इसके बाद भी किसी प्रमुख स्थल पर खुलेआम गंदगी का आलम देखने मिले तो निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नर्मदा नदी सहित उसकी सहायक नदियों को लेकर उनकी स्वच्छता को ध्यान में रखते हुये मा. उच्च न्यायालय द्वारा प्रतिमाओं के विसर्जन पर तक प्रतिबंध लगा दिया गया है और हर वर्ष देखा जाता है कि जब प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू होता है तो अधिकारियों द्वारा पेहरा देते हुये लोगों को नदियों की रक्षा करने का पाठ पढ़ाते हुये प्रतिमाओं के विसर्जन से रोका जाता है? मगर इसके ठीक विपरित इस समय शहर की शक्कर नदी का जो हाल देखने मिल रहा है वह निश्चित तौर जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर जिस तरह क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लगभग एक सप्ताह से भी अधिक समय पहले महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शक्कर नदी में लगे हुये मेले को पूर्णरूप से पॉलीथिन मुक्त रखने का भरोसा दिलाया गया था वह भी झूठा साबित होने से नही चूक रहा है..? ज्ञात हो कि हर वर्ष महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवधाम डमरू घाटी के समीप लगने वाले मेले को लेकर जब क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मेले की तैयारियों को लेकर जब कुछ लोगों की बैठक आयोजित की गई थी उसमें यह बात स्पष्ट रूप से कही गई थी कि मेले में किसी भी प्रकार से पॉलीथिन का उपयोग नही होगा? क्योंकि म.प्र. शासन द्वारा पॉलिथिन के उपयोग पर वैसे भी पूर्णरूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी के चलते अक्सर नगर पालिका टीम द्वारा दुकानों पर पॉलिथिन जांच करते हुये लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुये भी देखा जाता है। इस तरह प्रदेश शासन द्वारा पॉलिथिन के उपयोग पर लगाये गये प्रतिबंध के परिपालन में ही अधिकारियों द्वारा शिवरात्री के मेले को पॉलिथिन मुक्त रखने का निर्णय लिया गया होगा? मगर इसके बाद भी मेला स्थल पर जिस तरह बीते हुये एक सप्ताह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद नदी की रेत सहित पानी किनारे पॉलीथिन बिखरी पड़ी हुई देखी जा रही है वह अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने के साथ साथ नपा प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे पॉलिथिन के खिलाफ मुहिम व चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है? हर वर्ष देखा जाता है कि मेला के उपरांत नप सफाई विभाग द्वारा नदी में सफाई की जाती है। इसी तरह हो सकता है कि इस वर्ष भी सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाई गई जिसके चलते पॉलिथिन नदी में पानी के किनारे एकत्र होकर पानी को प्रदूषित करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यहां पर मेले का आयोजन एक सप्ताह एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद मेले के समापन होने पर यहां पर फैली हुई पॉलीथिनों ने जहां अधिकारियों द्वारा मेले को पॉलीथिन मुक्त मेले को जो भरोसा दिया गया था उसकी पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी रही है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस सच्चाई को सोशल मीडिया पर लगातार उजागर होने के बाद भी यहां पर सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाये जाने जाने का परिणाम है कि यहां पर पड़ी हुई पॉलीथिन हवा के माध्यम से उड़ते हुये अपनी सांसे तोड़ नही शक्कर नदी के पानी में मिलते हुये आगे की ओर बहते हुये नर्मदाजी में पहुंचने के लिये अग्रसर होती चली जा रही है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब माँ नर्मदाजी सहित उसकी सहायक नदियों में प्रतिमाओं के विसर्जन पर प्रतिबंध लगा हुआ है इसके बाद भी जिस तरह यह पॉलीथिन नदी में मिलने के साथ साथ माँ नर्मदाजी की ओर अग्रसर होती चली जा रही है इस ओर अधिकारियों द्वारा क्यो ध्यान नही दिया जा रहा है? क्या अधिकारियों द्वारा शिवरात्रि मेले को पॉलीथिन मुक्त करने का दिया गया भरोसा क्या सिर्फ मीडिया की सुर्खियों में छाने के बाद वाही वाही लूटने तक ही सीमित था? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने। मगर नगर की शक्कर नदी पुल के नीचे लगे हुये शिवरात्रि मेले के दौरान बिखरी हुई गंदगी तथा पॉलीथिन के चलते यहां पर शक्कर नदी के पानी को प्रदूषित करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर नदी के पानी में समाहित होने के कारण यह पन्नी बहते हुये नर्मदाजी तक पहुंचने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? आमजन द्वारा क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर नगर पालिका प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि शक्कर नदी पुल के नीचे यानि की मेला स्थल पर फेल रही गंदगी व बिखरी पड़ी हुई पॉलीथिनों की शीघ्रता से सफाई कराई

## कई एकड़ जमीन और नलकूप घर में होने के बाद भी गरीबों की सूची में नाम शामिल नहीं

**हरिभूमि न्यूज/ मनकवारा।**



शासन की योजनाओं में मनमानी करना अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की सोच रखी हुई है, मगर उन योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने की जगह इस प्रकार के लोगों को उठाते हुए देखा जा रहा है जो पूर्ण रूप से साधन संपन्न है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चावरपाठा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े है, किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है जिनके पास अपने खेतों में नलकूप सहित ट्रेक्टरों से लेकर सभी प्रकार के साधन उपलब्ध है, इस प्रकार से गौर किया जावे तो गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र व प्रभावशाली लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है, जबकि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीब रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है, आम जन द्वारा गरीबी रेखा, अति गरीबी रेखा सूची से अपात्र लोगों के नाम काटने की बात कही जा रही है, जबकि सूची का पुनरीक्षण किए जाने पर पात्र लोगों के नाम जोड़ने की भी मांग की है, यदि यहां की इस सूची की बारिकी से जांच की जावे तो कई एकड़ के कास्तकारो के साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी है,उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है, जिसके लिये शासन के आदेशों को ताक पर रखकर ऐसा किया जा रहा है,जबकि ये लोग शासकीय वेतन का भी उपयोग करते है। फिर यही लोग सूची में भी अपना नाम जुड़वा लेतें है। ऐसे कृत्यों की जांच किए जाने की जरूरत है,जबकि पात्र लोगों के नाम प्रकाश में आने पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है, शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जिससे गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है, क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दे रही है, यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जो सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी है और जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूप पानी निकाल रह है, प्रत्येक ग्राम पंचायतों में यदि इस बात की जांच की जाए तो ऐसे कई मामले प्रकाश में आयेगें जो लोग अमीरी की दहलीज पर खड़े है वह भी गरीबों के हक को छीनने में लगे हुए है?मजेदार बात यह है कि आज तक प्रशासन यहां के गरीबी रेखा की सूची के पुनरीक्षण कराये जाने की ओर कोई कदम नही उठाया गया, जिसमें गरीबों का हक अमीरों के पास जा रहा है और गरीब भूखों मरने के लिए विवश है। शासन की योजनाओं का क्षेत्र के कई गरीबों को लाभ नही मिल पा रहा है।

## सालीचौका में में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के 166 वे वलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन



**सालीचौका।**

अपने देश की रक्षा व शान के लिये जिस तरह अपनी जिन्दगी कुर्वान करने वालों की गाथाओं से हमारा देश भरा हुआ है। उन्ही में शामिल रानी अवंती बाई लोधी भी थी जिन्हे देशवासी आज भी याद करते हुये नमन करने से नही चूकते है। इसी के चलते बीते हुये बुधवार यानि की 20 मार्च वीरांगना अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस को सालीचौका में वीरांगना अवन्ती बाई लोधी चौराहा पर सामाजिक बंधुओं सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में बलिदान दिवस मनाते हुये वीरांगना रानी अवन्ती बाई लोधी के तेल चित्र फोटो पर तिलक व माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा उनके संघर्षो को याद किया। इस वलिदान दिवस के मौके पर क्षेत्र वासियों ने वीरांगना रानी अंवती बाई जी के संघर्ष व बलिदान को याद करते हुए कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनका संघर्ष अतुलनीय था। भारत में पहली महिला क्रांतिवीर रामगढ़ की रानी वीरांगना अवंती बाई लोधी ने अंग्रेजों के विरुद्ध ऐतिहासिक व निर्णायक युद्ध किया जो भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान था। वही दूसरी ओर 1857 की क्रांति में रामगढ़ की रानी अवंती बाई रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थी और 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में राज्य की अहम भूमिका निभाई थी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुए सघर्ष व बलिदान की सराहना की गई। इस मौके पर लोगों ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया ।कार्यक्रम मैं विश्व हिन्दू महाशक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश लोधी , रामनारायण बड़कुर,राजीव राय, लालचंद अटरोईया, गंगा राम वर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, लक्ष्मण वर्मा, भरत पटेल, मुन्ना लाल वर्मा, हाकम सिंह वर्मा, राम कुमार बडकुर, चंद्र प्रकाश वर्मा, रामेश्वर वर्मा, मुकेश नगपुरिया, सुनील वर्मा, देव करण वर्मा, हरीश वर्मा, शोभाराम बघेल, राधे श्याम वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा वीरन लाल वर्मा, मनोज वर्मा, कौशल वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, रामकृष्ण राजपूत, वीरेन्द्र वर्मा, मयंक लोधी, लक्ष्मी वर्मा, सुरेन्द्र पटैल, मोहन बघेले, अनिल वर्मा के आलवा मातृशक्ति के रूप में श्रीमति किरण वर्मा, श्रीमति आशा वर्मा, श्रीमति पुष्पा वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में बेरोजगार युवा सड़कों पर भटकने हो रहे मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है,किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महँगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है कि शहरों में चलने वाले कोचिंग सेन्टरो, महाविद्यालय, स्कूलो, सायवर कैफो से किताबी, तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर हर वर्ष हजारों की तादाद में युवा निकलते है, पर वह प्रतिभा वान होने के बावजूद उनको नौकरी की तलाश में दर दर भटकना पड़ता है, इनमें से कुछ नौजवान अनचाहा धंधा करने लगते हैं और कुछ शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के फैले शोषण के जाल में उलझ कम तनख्वाह लेकर बच्चों को पढ़ानें लगते है और बहुत से बेरोजगार युवा ऐसे भी होते है जो बेकारी से तंग होकर मजबूरी वश ऐसे अवैध काम करने लगते है, जो उनके स्वभाव के विपरीत होते है। क्षेत्र में बेरोजगारो की संख्या में ईजाफा होने के कारण नौजवानो के भविष्य को लेकर अब क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ती प्रतीत हो रही है। विदित हो कि क्षेत्र में जब फैक्ट्रियॉ लगी थी, तो ऐसा लगा था कि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसरो का सृजन होगा, लेकिन दुर्भाग्य से उक्त उपक्रमो में क्षेत्रीय नौजवानो को 25 प्रतिशत भी नौकरियॉ नसीब नही हुई? जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में निरंतर बेरोजगार युवाओं की फौज बढ़ती रही और बेरोजगारी की समस्या ने जाटिल रूप धारण कर लिया। गौरतलब है कि आमतौर पर नौजवान स्वाभिमानी, जोशीले होते है, इसलिए बेकारी से तंग होने के बावजूद वे अपने दर्द का इजहार करने में संकोच करते है मगर इस उलट हकीकत यह रहती है कि नेता व साधन सम्पन्न बेरोजगार युवाओं को उपेक्षित करने लगते है तथा उनकी जिंदगी में कुछ नया करने की उमंग क्षीण होने लगती है, इस प्रकार से देखा जावे तो क्षेत्र में बेकार युवाओं की तादाद बढ़ते जाना सचमुच चिंताजनक बात है क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था, सरकार स्तर के नए, औद्योगिक प्रतिष्ठान, रोजगार के अवसरो के सृजन, बेरोजगार युवाओं के हो रहे आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाना अब समय की मॉग है, जिस पर तवज्जो देकर जनप्रतिनिधियो, शासकीय अधिकारियो, समाजसेवी संस्थाओं को क्षेत्र मिटाने सार्थक कदम उठाना चाहिए।

### एक सप्ताह के अंदर गाडरवारा पुलिस के हाथ लगी तीसरी सफलता,

## आरोपी के पास से जप्त किया अस्सी हजार का स्मैक पावडर

**गाडरवारा।**



मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ साथ लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के साथ होली त्यौहार पर शांति बनाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध कृत्यों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। इसी के चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैरिया क मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की जोड़ी इस दिनों गाडरवारा नगर सहित क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के आलवा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के चलते गाडरवारा पुलिस को एक सप्ताह के अंदर मादक पदार्थ पकड़ने में लगातार तीसरी सफलता हाथ लगी है। जिसके चलते एक युवक के पास से लगभव 80 हजार कीमत का स्मैक पावडर पकड़ते हुय आरोपी को गिरप्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के जमाडा रोड एस के ढाबा के पास एक युवक कुछ मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड में घूम रहा है। इस सूचना से नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा आरोपी को माल सहित गिरप्तार करने के निर्देश दिये जाने पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इस टीम में मुख्य रूप से नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के आलवा जबाज अधिकारी उप निरीक्षक श्रीराम रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गोपाल राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, रूपेन्द्र चौबे, बालकिशन रघुवंशी बल्लू , आरक्षक सुजीत बागरी, आरक्षक शिवम गुर्जर, आरक्षक अभिषेक सूर्यवंशी को शामिल किया गया था। वही मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुये इस टीम को एक युवक संदिग्ध हालत में मिलने के चलते पुलिस द्वारा युवक को पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम नीलेश पिता प्रेमकुमार कौरव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी (मनकवारा) बताया गया। वही संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लिये गये युवक की जब पुलिस द्वारा मौजद गवाहों के समक्ष तलाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 08 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पावडर मिला जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीबन 80 हजार रूपया आंकी जा रही है। इस तरह युवक के पास से स्मैक पावडर जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा बताया गया कि उक्त स्मैक कुछ दिन पूर्व मुकेश उर्फ रामस्वरूप पिता बीरम लाल निवासी पहरपुरा जिला झालावाड़ (राजस्थान) से खरीदना बताया गया है। ज्ञात हो की आरोपी नीलेश कौरव के विरूद्ध पूर्व से ही थाना गाडरवारा में एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं अन्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध है। इस तरह मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगान के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते एक सप्ताह के अंदर यह तीसरी सफलता हाथ लगी है।

### सांईखेड़ा में लग रहे जाम को लेकर उदासीनता बरत रहा प्रशासन, किसी दिन घटित हो सकती है बड़ी घटना

**सांईखेड़ा ।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा को जहां ग्राम पंचायत से नगर पंचायत व तहसील का दर्जा मिल जाने के कारण अब इस कसबा ने बड़ा रूप धारण तो कर ही लिया गया है, वही यहां से प्रदेश स्तर के मार्ग का निर्माण होने के बाद स्थिति इस प्रकार से हो गई है कि अब इस क्षेत्र से बड़े वाहन निकल रहे है, क्योंकि मार्ग का नगर के अंदर से निकलने का यह परिणाम है कि आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता चला जा रहा है, वही नगर के अंदर से निकले हुए मार्ग चलते जहां आये दिन जाम की स्थिति निर्मित तो हो ही रही है, इतना ही नही यहां से बड़े वाहनों के 24 घंटे निकलने से आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे के घंटी भी बजते हुए देखी जा रही है? क्योंकि जब से सांईखेड़ा उदयपुरा जाने वाले मार्ग के बीच नर्मदा नदी पर पुल का निर्माण हुआ है उस समय से यहां से जिस प्रकार के वाहन गुजर रहे है उसके कारण इन वाहनों का नगर के मध्य से निकलना खतरे से खाली नही है? क्योंकि इसी मार्ग पर जहां तहसली कार्यालय पड़ता है, वही दूसरी ओर जनपद कार्यालय होने के साथ साथ साप्ताहित बाजार भी सड़क किनारे लगने के कारण लोगों की जिन्दगी के लिए आये दिन खतरा साबित हुए हुये जान पड़ रहे है। इतना ही नही इस सड़क से इस प्रकार से बड़े वाहनों के निकलने के कारण सड़कों की दुर्गति भी होते हुए देखी जा रही है? इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए नगरवासियों द्वारा बच्चों के स्कूली समय तथा साप्ताहिक बाजार के दिवस पर नगर के मध्य से गुजरने वाले बड़े वाहनों के निकलने पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है, मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा नगरवासियों की मांग को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने लगा है।

## क्षेत्र में कागजों में चल रहे अनेक आंगनबाडी केंद्र

**सांईखेड़ा।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है, मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं,बच्चों को नही मिल पा रहा है?जबकि इनके लिए सरकार करोडो रूपए खर्च कर योजनाए बनाती है,इस बात की सच्चाई इस समय समीपस्थ जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिलता और न पढाई सुविधा मिल रही है, वही गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी नही मिल पा रहा है, जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ,केंद्र प्रभारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल कर दिए जाते है? अनेक केंद्रों पर मनमर्जी है उन्हे आंगनबाडी केंद्र को कब बंद करना है।

खबर संक्षेप

## 25 मार्च 2024 को शुष्क दिवस घोषित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने होली (धुरेडी) पर्व के अवसर पर प्रशासकीय व लोकहित में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, देशी मद्य भण्डागार डिण्डौरी एवं हेरिटेज मदिरा विनिर्माणी इकाई ग्राम-भाखामाल, विकासखंड अमरपुर, डिण्डौरी के लिए 25 मार्च 2024 दिन सोमवार को शाम 05.00 बजे तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस की अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें सील बन्द रहेंगी। उक्त शुष्क दिवस अवधि के दौरान जिले में मदिरा का विक्रय, मदिरा का व्यक्तिगत भंडारण/संग्रहण, परिवहन, आयात-निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## लोकसभा निर्वाचन के दौरान बालश्रम रोकने के लिए निषेधात्मक आदेश

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव आयोग के आदेशानुसार चुनाव संबंधी गतिविधियों में विभिन्न राजनीतिक दलों, प्रचार-प्रसार एजेंसियों एवं चुनाव कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा बच्चों के माध्यम से किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार कार्यों में नियोजन एवं किसी भी प्रकार की बच्चों से मदद लेने हेतु जिला श्रमाधिकारी ने प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए है साथ ही बच्चों से स्कूल के समय में बाल कलाकार के रूप में किसी भी प्रकार के दृश्य, श्रव्य कार्यक्रमों द्वारा राजनीतिक प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया गया है। बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बाल या कुमार श्रमिक चिन्हित होने पर दण्ड व जुर्माने का प्रावधान है, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बालकध्बालिका को नियोजित करना बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत अपराध है।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 3 प्रकरण कायम



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं होली पर्व के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा जिले मे दबिश की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। गत दिवस की कार्यवाही में तलाशी के दौरान अवैध शराब 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और 200 किलो महुआ लाहन जप्त किया गया। जप्त शराब व लाहन की अनुमानित कीमत 23 हजार रुपये है। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) "क" के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उईके, आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झरिया, रामभरोस ठाकुर, गेंदलाल बरकड़े एवं मनीष उइके व नगर सैनिक उपस्थित रहे। अवैध शराब के मामले में कलेक्टर विकास मिश्रा के सख्त कार्यवाही हेतु विशेष निर्देश हैं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में कोई भी बाधा उत्पन्न न हो।

ग्रामीणों की शिकायत पर नहीं हो ही है कार्रवाई, भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद

# ग्राम धनुवासागर के सरपंच और उपसरपंच के विरूद्ध ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायत धनुवासागर ग्रामवासियों एवं पांचों के द्वारा जिले के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचयत को लिखित में शिकायत की गई है। दिनांक 16.01.2024, 25.01.2024, 29.01.2024, 30.01.2024 तथा 29. 02.2024 को शिकायत की गयी किन्तु जाँच नहीं हुई ।

### पंचायत में लगाये जा रहे हैं फर्जी बिल-

पूर्व सरपंच वर्तमान में उपसरंपच के पद पर है और पत्नी सरपंच है, ब्रजमोहन ग्राम पंचायत का चपरासी के पद में नहीं है लेकिन इनके नाम से बिल तैयार कर बिल अलग-अलग जिसकी राशि 33000ध- रूपये का बिल लगा है पावती में हस्ताक्षर नहीं है। अशोक धुर्वे स्वयं के खाता में शौचालय मंद की राशि 44500ध- 36000ध-, 12000ध- एवं 48000ध- रूपये तथा अन्य राशि 20000ध- रू. ये सभी राशि स्वयं के खाता में राशि डालकर निकाला गया है। यह राशि हितग्राहीयों के खाता में क्यों नहीं डाला गया है। और ये हितग्राही कौन-कौन है सरपंच से पूंछा जाये, इस प्रकार राशि का दुरूपयोग किया गया है। साथ ही वर्ष 2021 में आनन्द ट्रेडर्स के नाम से बिल लगा है लेकिन बिल में दिनांक नहीं शौचालय के 20700ध- रूपये लोहा के नाम से बिल लगा है क्या ये सही है या नहीं। सरपंच के संगे मित्र के नाम से शौचालय मद की राशि मल्ले मेट के खाता में राशि डाला गया है जिसकी राशि 52000- रू. 84000ध- 60000ध- एवं 24000ध- रूपये है मल्ले के खाता में राशि दिया गया है मेट कोई सप्लायर नहीं है मेट किन-किन हितग्राहियों के घर पर शौचालय बनाया है कि नहीं पूंछा जाये। इस प्रकार शासन की राशि को बदरबाट किये है। सरपंच/उपसरपंच के द्वारा बिना स्थल में कार्य हुए वर्तमान सचिव को फर्जी बिल तैयार कर सरपंचध्उपसरपंच द्वारा दिया गया जिसकी राशि 45000ध- रू. 54000ध- रु. 26000ध- का है कोई कार्य नहीं किया गया उक्त बिल की राशि आहरण करने में सचिव सहमत नहीं हुआ तब से सरपंचध्उपसरपंच तथा मेट के साथ मिलकर सचिव के विरूद्ध शिकायत करते रहते है। सरपंचध्उपसरपंच के द्वारा धनराज मटेरियल सप्लायर एवं निर्मल पाराशर मटेरियल सप्लायर है। लेकिन




इनके नाम से 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के नाम से 15000ध- रूपये एवं 19900ध- रूपये का बिल लगा है. ईट, गिट्टी वाले सप्लायर के पास क्या समान मिल सकता है विचार किया जावे। ऐसे फर्जी बिल लगे है। नल जल ऑपरेटर मारू सिंह के नाम से बिल लगे हैं लेकिन बिल में प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर नहीं मारू सिंह को वर्ष 2000 से 23 तक का भुगतान नहीं किया गया है लेकिन 36000ध- रूपये का बिल लगा है। जो अलग-अलग बिल है मारू सिंह से पूंछने पर पता चला है कि क्या सही हो सकता है। ग्राम पंचायत धनुवासागर में सार्वजानिक कार्य 03 स्वीकृत है 46 मेढ़बंधान स्वीकृत है। 3 पशु शेड स्वीकृत है कुछ कार्य प्रगतिस्त् है। लेकिन सरपंचध्उपसरपंच द्वारा कार्यों के मस्टररोल जारी करने पर रोक लगाई जाती है जिससे लेवर बजट कम है जिसकी जानकारी रोजगार सहायक एवं सचिव द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्राम पंचायत में कन्टूर टेंच जंगल के किनारे ग्राम लाखो में स्वीकृत है उक्त कार्य के मस्टररोल क्र.27626 से 27637 तक के मस्टररोल जारी है दिनांक 05.09.2023 से 10.09.23 तक की राशि लगभग 1.00 लाख है। स्थल में कोई कार्य नहीं किया हुआ है जिसकी शिकायत ग्रामवासी एवं पंचो द्वारा किया गया है। तब मनरेगा विभाग के अधिकारी करचाम जी एवं भोजराज परस्ते को आज दिनांक तक स्थल की जांच नहीं किया गया इससे स्पष्ट होता है जनपद के अधिकारियों के मिलीभगत से राशि का दुरूपयोग किया गया है। साथ ही ग्राम लाखो में चैकडेम स्वीकृत है। स्वीकृत राशि 11.00 लाख रूपये स्वीकृत है। उक्त कार्य में 94000/- रूपये मस्टररोल में खर्च है स्थल में नहीं है। इस प्रकार मनरेगा विभाग के अधिकारी सरपंचध्उपसरपंच एवं मेटो के मिलीभगत से शासन की राशि का दुरूपयोग किया गया है। आज तक कोई जांच नहीं की गई है।

### कलेक्टर की जांच पर सिद्ध हुआ था आरोप

कलेक्टर जिला डिण्डौरी के आदेश दिनांक 15.06.2021 में ग्राम पंचायत के सरपंच अशोक धुर्वे के विरूद्ध गवन की राशि 658223/- रूपये गबन राशि सिद्ध होने पर भी वर्तमान में उपसरपंच के पद में रहकर गलत कार्य करवाया जाता है। और पत्नी सरपंच पद पर है दोनों के द्वारा शासन की राशि को अनेकों प्रकार के बिल तैयार करते है और मस्टररोल फर्जी जारी कराते है जिसमें शासन की राशि का खुलेआम दुरूपयोग करते हुए वित्तीय हानि पहुंचाया जा रहा है। और इनके कार्यकाल में चार-पांच सचिव इनके गलत कार्यों के कारण फंस चुके हैं। और वर्तमान सचिव को भी सरपंच/उपसरपंच तथा पुराने मेटों के साथ मिलकर सचिव के विरूद्ध झूठी शिकायत करते रहते है जिससे सचिव मानसिक रूप से प्रताडित है।

### ग्रामीणों की मांग

समस्त ग्राम के लोगों की मांग है कि ग्राम पंचायत धनुवासागर के सरपंच/ उपसरपंच को पद पर है इनको धारा 40 से पृथक किया जावें कारण कि इनके कार्यकाल में की गई अनिमितता की जांच कर दोषी पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने की जाये तथा वर्ष 2020 से 2023 तक की रिकार्ड एवं स्थल की जांच करने पर पता चलेगा कि इनके द्वारा किन-किन प्रकार की मनमानी रिकार्ड तैयार किये और शासन की राशि का दुरूपयोग एवं भ्रष्टाचार किये है।

बांस के तने से बनाए पौष्टिक खाद्य पदार्थ

## विकास जैन को मिली पीएच.डी. की उपाधि

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी नगर निवासी विकास जैन पिता डॉ.वीरेंद्र जैन ने लग्न एवं कठिन परिश्रम से वनस्पति विज्ञान विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है परिजन एवं शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी, ज्ञात हो कि श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर से असेसमेंट ऑफ बंबू शूट फॉर फोर्टिफिकेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ नोवेल फूड प्रोडक्ट शीर्षक पर डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी की उपाधि मिली है। इसमें मार्गदर्शन डॉ. सचिन सिंह (गाइड) डॉ. सुरेंद्र सिंह का रहा । विकास जैन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका के साथ अनेक विद्यार्थियों के मार्गदर्शक की भूमिका निभाते आ रहे हैं राष्ट्र व समाज के लिए भी आप लगातार नवाचार के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। सफलता के इस अवसर पर आपके छोटे भाई विवेक जैन, पत्नी पूनम जैन सहित गुरुजनों, परिवार के सभी लोग, घनिष्ठ मित्रों व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है। आपने अपने शोध कार्य में बांस के पौष्टिक गुणों का महत्व एवं उनसे बनने वाले नवीन खाद्य उत्पादों का महत्व बताया है।




## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज अमरपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक पड़वार द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडला संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार मरकाम को विजयश्री दिलाने की अपील के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता द्वारा कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। वहीं पर बैठक को विधानसभा प्रभारी डिंडौरी मुस्ताक खान, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, तोप सिंह मरावी, कमल सिंह कुशराम, राय सिंह मरकाम, मोहन मोंगरे, मकसूद मंसूरी, मल्ली बाई उईके, केवल कृष्ण नेटी, अरविंद साण्डया, राम सिंह मरावी, राम प्रसाद धुर्वे, इंद्र सिंह परस्ते द्वारा भी संबोधित किया गया। साथ ही सभी मंडलम अध्यक्षों, सेक्टर अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारी से क्षेत्रीय मुद्दों में सुझाव लिए गए। जहां सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लिया गया। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से खालिद खान, शाहिद तुर्क, देव सिंह भारती, प्रदीप बनवासी, पुरुषोत्तम धनंजय, सुमन साण्डया, धनिया बाई परस्ते, मीरा पुषाम, लियाकत अली, राजेश पाटले, चमरू चढ़चढिया, गणेश साहू, अनुज यादव, गिरीश सैयाम, ओम प्रकाश उद्दे, देवेन्द्र सोनवानी, रामेश्वर ठाकुर, विश्वनाथ कुशराम, महेंद्र बास्पे, तुलाराम धुर्वे, जगदीश बास्पे, दऊआ बनवासी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में मौजूद रहे। आयोजित बैठक का सफल संचालन अमरपुर सेक्टर अध्यक्ष संदीप शाह परस्ते द्वारा किया गया।

## दो दिवसीय लोकसभा निर्वाचन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निभाये जाने वाले दायित्वों और तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल मेकलसुता महाविद्यालय, डाइट डिंडोरी, राजूषा हायर सेकेण्डरी स्कूल और मदर टेरेसा स्कूल डिंडौरी में मतदान दलों को लोकसभा निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में ईवीएम कमीशनिंग, ईवीएम के व्यवहारिक संचालन, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट को आपस में कनेक्ट करना आदि पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रियाओं को समझाना रहा, जिससे चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार असुविधा न हो और चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश पेंन्द्रो ने प्रशिक्षण गतिविधियों का जायजा लिया।

चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में मंत्री प्रहलाद पटेल ने की कार्यों की समीक्षा

# हम काम के आधार पर करेंगे 400 पार-पटेल

**अनूपपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहडोल संसदीय क्षेत्र क्रमांक 12 की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बार पुनः प्रत्याशी बनाया गया है चुनाव को लेकर 21 मार्च को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अनूपपुर में केंद्र के पूर्व मंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने चुनाव प्रबंधन समिति एवं प्रमुख कार्यकतार्ओं की बैठक कर संगठन द्वारा चलाए जा रहे बूथ विजय संकल्प अभियान तथा अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस बैठक में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अनूपपुर विधायक विसाहू लाल सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मिथिलेश पयासी, जिला अध्यक्ष रामदासपुरी, पूर्व जिला अध्यक्ष आधाराम बैष, जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, जितेंद्र सोनी, हीरा सिंह श्याम तथा बैठक में सभी अपेक्षित कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**मोर्चा एवं मंडल अध्यक्षों से की चर्चाः** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा के जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों से बूथ पर चल रहे कार्यों को लेकर चर्चा की तथा जिन स्थानों पर अभी कार्य अधूरे पड़े हैं उन्हें शीघ्र पूरा करने का मार्गदर्शन दिया इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं के बारे में भी उन्होंने मंडल अध्यक्षों से खुलकर बात की।




**मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में किया व्यापक कार्यः** श्री पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर कार्य किया है भाजपा सरकार की नीतियां अच्छी हैं जिसका लाभ गरीब किसान, युवा, महिला, और समाज के अंतिम छोर में बसे व्यक्ति को भी मिल रहा है। अब ओले गिरने पर आवेदन लेकर खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ती है किसानों के नुकसान की समीक्षा तत्काल हो जाती है। उन्होंने सभी कार्यकतार्ओं से भाजपा की होने वाली बैठकों की गोपनीयता बरकरार रखने की अपेक्षा की। चुनाव के दौरान हमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करना है, अनेक शक्तियों हमें असफल करने में लगी हुई है।

**काम का परिणाम है कि हम 400 पार जा रहेः** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति एवं प्रमुख कार्यकतार्ओं की बैठक में कहां की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और काम का परिणाम है कि हम इस बार 400 पार जा रहे हैं, काम के बदले सफलता ले रहे हैं उन्होंने भाजपा अनूपपुर जिले के संगठन के सभी कार्यकतार्ओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर काफी अच्छा कार्य संगठन का चल रहा है जो काबिले तारीफ है। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने पर डीजे संचालक पर एफआईआर




**अनूपपुर।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनूपपुर आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन में एफएसटी टीम प्रभारी नायब तहसीलदार अनूपपुर मिथिला प्रसाद पटेल एवं टीआई कोतवाली अरविंद जैन, सहायक उप निरीक्षक संतोष पांडे, प्रधान आरक्षक विनय के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए देर रात्रि करीब 11:30 बजे ग्राम बर्री में तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर डीजे संचालक सोनू राठौर पिता मुन्नू राठौर उम्र 32 साल निवासी हर्री से डीजे सामग्री साउंड बॉक्स एवं लैपटॉप आदि जप्त किया जाकर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 एवं धारा 188 भारतीय दंड विधान के तहत एफआईआर कर डीजे संचालक सोनू राठौर को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला अनूपपुर के आदेश पत्र क्रमांक 1274/ आरडीएम/ विधानसभा निर्वाचन/ कोलाहल/ 24 अनूपपुर दिनांक 16 मार्च 2024 के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की दिनांक 16 मार्च 2024 को घोषणा किए जाने के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रति 10 बजे से प्रात 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यन्त्र का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। जिसका पालन कराये जाने हेतु लगातार पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम जगह-जगह चेकिंग कर कार्रवाई कर रही है।

# ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 14 मंडला के अंतर्गत सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र 103 शहपुरा एवं 104 डिंडोरी के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी का रेंडमाइजेशन कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित ई.एम.एस. 2.0 सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सॉफ्टवेयर में मशीनों को रि-रेण्डमाइजेशन भी कर सकते हैं। रि-रेण्डमाइजेशन सूची अंतिम होगी।



प्रथम रेण्डमाइजेशन में उपलब्ध मशीनों की जानकारी सदस्यों को प्रदान की गई। मशीनों को लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 14 मंडला के अंतर्गत सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र 103 शहपुरा एवं 104 डिंडोरी के लिए आवंटित किया जाना है। डीआईओ एनआईसी अभिनव साहू के द्वारा ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। सदस्यों की सहमति से ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी आवंटित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

# शांति सद्भाव के साथ मनाएं पारंपरिक पर्व होली-थाना प्रभारी

### भालूमाड़ा थाने मे शांति समिति के बैठक का हुआ आयोजन

**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह के निर्देशन में आगामी होली पर्व को लेकर भालूमाड़ा थाने मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शांति समिति के सदस्यगण, नगर के पार्षद गण, ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं मीडिया बंधु की उपस्थिति में पसान नपा अध्यक्ष रामअवध सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय दुवेदी, धीरेंद्र सिंह, लाल बहादुर जयसवाल, राजू गुप्ता, उमेश मिश्रा, थाना प्रभारी राकेश उईके द्वारा आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही होली पर्व के दौरान आगामी आम लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता का पालन किए जाने हेतु भी बताया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस रहेगी तैनात

भालूमाड़ा थाना प्रभारी राकेश उईके ने बताया की होली पर पर रात्रि 10:00 बजे के बाद किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं किया जाएगा, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, नगर में होली पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल के फिक्स पॉइंट के साथ पेट्रोलिंग पार्टी भ्रमण मे पर रहेंगे। अभिभावकों से अपील की गई है कि अपने नाबालिक बच्चों को वाहन ना दे, शहर व थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतो के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग लगाए जाकर शराब पीकर वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी जाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी के द्वारा आगामी पर्वों को शांति और सद्भाव के साथ बनाए जाने का निर्णय लिया गया। पसान नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह ने सभी से होली का पर्व आपसी भाईचारा के साथ मनाए जाने की अपील करते हुए बताएं कि त्यौहार में नगर पालिका द्वारा व्यापक रूप से साफ सफाई एवं पानी की उपलब्धता पर ध्यान दिया जाएगा नगर में हमेशा से हर त्यौहार को आपसी सौहार्द के रूप में मनाया गया है और इस बार लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता भी लागू है जिसका पालन हम सभी को करना है हम सब नगरवासी रंगों के त्यौहार में हमेशा की तरह हर्ष उल्लास आपसी सद्भाव को बनाए रखते हुए यह पर्व मनाएं।

## खबर संक्षेप

### आर्ची का सुयश



**करेली।** विगत दिवस नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया बोर्ड परीक्षा के परिणामों को छोड़कर नर्सरी से लेकर 11 वीं तक के परिणाम में किसी विद्यार्थी ने स्कूल में उच्च स्थान तो किसी ने क्लास में उच्च स्थान लाकर बता दिया की मेहनत से शीर्ष पर पहुंचा जा सकता है विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा कु. आर्ची वर्मा ने के जी टू में ए ग्रेड से 98% लेकर प्रथम स्थान अर्जित किया आर्ची ने विद्यालय के सभी फॉर्मेट में ए ग्रेड से दक्षता लेकर उच्च स्थान अर्जित किया है आर्ची की सफलता पर परिजनों ने स्कूल प्रशासन व क्लास की शिक्षक शिक्षिकाओं को सफलता का श्रेय दिया। आर्ची पत्रकार अमित वर्मा व शिक्षिका राखी वर्मा की सुपुत्री है परिवार के साथ शुभचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की कामना करके शुभकामनाएं दी हैं।

### कार्तिक बजरंग दल जिला सह संयोजक नियुक्त



**नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व हिन्दू व परिषद बजरंग दल द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे आगामी वार्षिक उत्सव, रामोत्स्व की रुपरेखा बनायीं गई तथा बैठक में उपस्थित प्रान्त कार्य अध्यक्ष भास्कर चौबे, प्रान्त विशेष संपर्क प्रमुख हरिओम साहू जिलाध्यक्ष राव बहादुर सिंह लोधी, जिला मंत्री रामकुमार पटैल, विभाग सहसंयोजक भगवानदास चढ़ार की उपस्थिति मे कार्तिक नेमा को बजरंग दल जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतको द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की है।

### ईको क्लब द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन



**नरसिंहपुर।** स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित ईको क्लब द्वारा वन पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व एवं मानवता और ग्रह के अस्तित्व के लिए जंगलों और पेड़ों की महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये के लिए स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर के ईकोक्लब के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार एवं आतंरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशांनुसार वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा इस वर्ष की थीम वन और नवाचारः बेहतर दुनिया के लिए नए समाधान है विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन 21 मार्च 2024 को किया गया। प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई कि वन जलवायु को नियंत्रित करता है, हवा और पानी को शुद्ध करता है, और भोजन, दवा और अन्य संसाधन प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस समारोह 2024 के उपलक्ष्य में वन पारिस्थितिकी तंत्र से संपर्क बनाने और जंगल के वातावरण का आनंद लेने के लिए वनस्पति शास्त्र विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र झ छात्राओं द्वारा कॉलेज के गार्डन में शिन्रिन- योकू या वन स्नान की जापानी प्रथा के अंतर्गत मेडिटेशन और शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा तथा ईकोक्लब प्रभारी श्रीमति शोभा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

### ईव्हीएम व व्हीव्हीपेट मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव- 2024 के तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ईव्हीएम की बैलट और कंट्रोल यूनिट एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का पहले चरण का रेण्डमाइजेशन संपन्न हुआ।

# मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ








हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में और जिला नोडल अधिकारी स्वीप व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता की शपथ, रैली, निबंध आदि मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमे मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक किया जा रहा है प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है वही विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

### महिलाओं ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

लोकसभा निर्वाचन- 2024 में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी निभाने और अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए गोटेगांव विधानसभा की ग्राम बम्हनी, ग्राम उमरिया, ग्राम देवनगर पुराना, विधानसभा क्षेत्र 120- तेंदूखेड़ा और विधानसभा 121- गाडरवारा के अंतर्गत आने वाले चीचली में महिलाओं ने नैतिक मतदान करने की शपथ ली। महिलाओं ने अन्य मतदाताओं को भी मतदान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शपथ दिलाई गई।

### स्कूल व महाविद्यालयों में हुए मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम

लोकसभा निर्वाचन- 2024 में मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूलों व महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में नरसिंहपुर विधानसभा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसापाला में स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाली और प्रेरक नारे लगाये। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को मतदाता जागरूकता एवं नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई। शासकीय महाविद्यालय गाडरवारा में विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता और नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई।

### शिक्षकों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

कक्षा 5 वीं और कक्षा 8 वीं के मूल्यांकन के कार्य में लगे जिले के शिक्षकों ने लोकसभा निर्वाचन- 2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ ली। शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में विकासखंड स्रोत समन्वयक ओपी राय, संकुल प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा, ब्रजेश नेमा, जनशिक्षक एच पी कोरी, आरपी शर्मा, राजकुमार कुशवाहा, विकासखंड साक्षरता सह समन्वयक विजय नामदेव सहित मूल्यांकन केन्द्र में लगे शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। इसी तरह जनशिक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली, उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव व चांवरपाठा और बीटीआई गाडरवारा में कक्षा 5 वीं और 8 वीं मूल्यांकन में लगे शिक्षकों को मतदान में अपनी सहभागिता निभाने और मतदाताओं को प्रेरित करने की शपथ दिलाई।




# पत्रकार अधिकार पदयात्रा का आभार कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

पत्रकार सुरक्षा कानून समेत पत्रकार हितों से जुड़ी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर नरसिंहपुर से भोपाल 320 किलोमीटर तक की गई पैदल यात्रा को प्रदेश भर मे पत्रकारों ने समर्थन एवं स्वागत किया, गौरतलब है की नरसिंहपुर से 1 मार्च को निकली पैदल यात्रा 12 मार्च को भोपाल पहुंची थी, जिसमे नरसिंहपुर के पत्रकार ललित श्रीवास्तव एवं ताराचंद पटेल 320 किलोमीटर पैदल चलकर भोपाल पहुंचे थे, जिनका विभिन्न शहरों मे सामाजिक कार्यकतार्ओं व पत्रकारों ने स्वागत कर इस यात्रा का समर्थन किया साथ ही सभी जगह के पत्रकारों द्वारा कुछ दूर कदम से कदम मिलाकर साथ चलकर यात्रा का समर्थन किया गया था। अतः यात्रा मे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग एवं समर्थन करने वाले सभी सामाजिक कार्यकतार्ओं व पत्रकारों के आभार हेतु 23 मार्च को नरसिंहपुर के शगुन मैरिज लॉन मे दोपहर 1 बजे आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमे यात्रा मे शामिल सभी पत्रकारों व सामाजिक कार्यकतार्ओं के प्रति आभार प्रदर्शन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष साहू बंटी, उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, सचिव राधे साहू एवं समिति के सभी सदस्यों द्वारा पत्रकारों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# मृत महिला के नाम पर बनाया किसान क्रेडिट कार्ड

## अग्रिम जमानत हाईकोर्ट ने की खारिज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले मे शासन की योजनाओं को मट्टी पलीत करने तथा बैंक के नियमों को दरकिनार कर राशि निकालने वाले बैंक मैनेजर की कार्यप्रणाली के कारण लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पाता तथा गबन का सिलसिला बना रहता है। इसी प्रकार के मामले मे मध्यप्रदेश हाई कोर्ट जबलपुर के न्यायाधीश मनिन्दर सिंह भट्टी ने यूनियन बैंक करेली शाखा में गबन के मामले में पुलिस स्टेशन करेली जिला नरसिंहपुर में दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी से बचने 3 आरोपियों अरविंद आर्य शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नितेश कांबले फील्ड ऑफिसर, विवेक शर्मा बैंक एजेन्ट द्वारा लगाई गई पृथक पृथक अग्रिम जमानत याचिका की संयुक्त सुनवाई करते हुए तीनो की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है।




### मामला इस प्रकार

जिले के करेली वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले वनांचल ग्राम भिलमाढ़ाना में एक ही नाम की दो महिलाएं सुकरती बाई रहती हैं। जिसमें से एक महिला सुकरती बाई पिता भूरा भरिया व पति सन्नू भरिया करीब 10 साल पहले 20 अगस्त 2013 को निधन हो गया था। जिसके नाम से इसी साल यूनियन बैंक की शाखा करेली द्वारा 23 जनवरी 2023 को मौजा भिलमाढ़ाना तहसील गाडरवारा के कृषि रकवा करीब 4 हेक्टयर भूमि पर 7 लाख 60 का किसान क्रेडिट ऋण दिया गया। जबकि ये महिला 10 साल पहले ही मृत हो चुकी है। वहीं लोन में मृत महिला सुकरती बाई के जमीन के दस्तावेज लगाकर, दूसरी सुकरती बाई पति राजबली भरिया निवासी भिलमाढाना के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज के साथ जीवित महिला को बैंक बुलाकर लोन की राशि दी गई। जबकि जीवित सुकरती बाई के पास बैंक में बंधक उक्त कृषि रकबा राजस्व अभिलेखों में दर्ज ही नहीं है। मृतक सुकरती बाई के बेटे सन्नू भारिया द्वारा की गई शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई जिसमें अरविंद आर्य शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया निवासी झाँसी उत्तर प्रदेश नितेश कांबले फील्ड ऑफिसर निवासी शेगांव जिला अमरावती महाराष्ट्र, विवेक शर्मा बैंक एजेंट ग्राम नारगी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पूर्व में भी धोखाधड़ी का मामला हुआ था दर्ज

करेली थाना में यूनियन बैंक मेनेजर अरविन्द आर्य के खिलाफ 14 अगस्त 2023 में अस्सी हजार रुपए की धोखाधड़ी करने का प्रकरण पहले से ही दर्ज है, इस मामले में कृषक विजय कुशवाहा ने मेनेजर अरविन्द आर्य को एक लाख पचास हजार अपने केसीसी खाते को चुकता करने के लिए दिए थे। जिसमे से मेनेजर ने मात्र सत्तर हजार में खाता बंद किया था बाकी के रुपये स्वयं हड़प लिए थे। वही दूसरे मामले मे बेहद रूप से नियमों की अनदेखी की गई है। हाईकोर्ट द्वारा ममाले मे लिप्त कर्मचारियों की अग्रिम जमानत अर्जी को खरिज कर दिया। वही करेली पुलिस को आरोपियों की तलाश जारी है।

# गौवंशों के साथ की जा रही क्रूरता



हरिभूमि न्यूज - करेली।

नगर पालिका करेली के द्वारा गोवंशों को आमनवीय एवं बेदर्दी तरीके से लाठी डंडों से मारपीट कर शहर के बाहर छोड़ा जा रहा है इस तरीके से छोड़ने को लेकर तुरंत कार्रवाइ करने के लिए और कलेक्टर व एसपी से बात करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र शर्मा के द्वारा मोबाइल से सूचना देने के बाद तुरंत भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त कल्याण प्रतिनिधि भागीरथ तिवारी ने तुरंत गोवंश प्रेमी पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र शर्मा के कहने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ,प्रसिद्ध पशु प्रेमी, पी एफ ए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति मेनका संजय गांधी के लिए काम करने बाली पी एफ ए प्रदेश प्रभारी स्वाति गौरव और जीसीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता से बात की ओर गोबंशो के ऊपर क्रूरता पूर्वक कार्रवाई करवाने वाले के वीडियो डालने के बाद तुरंत स्वाति गौरव, दिलीप धनराज गुप्ता ने कलेक्टर, पशुपालन मंत्री लखन पटेल से बात की और बताया कि मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के नगर पालिका परिषद करेली के कर्मचारियों द्वारा निर्ममता पूर्वक मारपीट करके गोवंशों को वाहन में बिठाकर जंगल में छोड़ा जा रहा है, जिसकी जानकारी और वीडियो मुझे प्राप्त होते ही मैंने मध्य प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल और नरसिंहपुर की जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि मांग की है कि नगर पालिका परिषद के इन दोषी अधिकारियों कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें और गोवंशों को उचित स्थान पर छोड़ा जाए न कि बाहर कहीं जंगल में। बड़ी बात यह है कि इस कृत्य को करने वाले नगर पालिका कर्मचारीयो कि इस कार्यवाही की जानकारी खुद करेली सीएमओ को नहीं है दिनदहाड़े सड़क पर ट्रैफिक चलने के दौरान मुख्य मार्ग पर इस तरह की कार्यवाही को अंजाम देना बेहद ही खतरनाक हो सकता है क्योंकि मैन रोड पर वहां भी चल रहे हैं और पैदल लोग भी चल रहे हैं ऐसे में जानवर यदि भड़क जाए तो लोग घायल हो सकते हैं विदित होवे की नगर पालिका करेली हिंदूवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं समस्त 15 वार्ड के भा जा पा के पार्षद भी हैं पर नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र के द्वारा नीति विरुद्ध कार्य करते रहते है और श्रेय लेने की कोशिश करते रहते हैं और अपनी मनमर्जी करते हुए हिंदूवादी और शासन की योजनाओं को लेकर हमेशा मनमर्जी करते रहते हैं और जनप्रतिनिधियों को गुमराह कर उनके द्वारा किए गए जन समर्थन को काम करने के लिए आतुर रहते हैं यदि कोई अच्छा काम कर रहा है तो उनको यह काम रास नहीं आता है और हमेशा नीति रीति विरोधी कार्य करने में सम्मिलित रहते हैं।



# जिला स्तरीय आस पडोस युवा संसद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

नेहरू युवा केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में जिला स्तरीय युवा संसद विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ ममता शर्मा प्राचार्य पी जी कालेज डॉ रीता रावत, राजेश ठाकुर, जी एस मर्सकोले, सुधीर सिंह उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र व एल एन रजक महिला महाविद्यालय के आतिथ्य में मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्र्यापण कर किया गया। तत्पश्चात नेहरू युवा केन्द्र द्वारा अतिथियों को बैच लगाकर एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम पर विस्तार से सुधीर सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। आपने युवा संसद के आयोजन के महत्व के साथ-साथ नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा युवा संसद की कार्यप्रणाली व कार्यवाही का नाट्य मंचन किया गया। इस दल का नेतृत्व देवांश पचौरी द्वारा किया गया जिसकी उपस्थित अतिथियों व युवाओं ने सराहना की। प्रोफेसर रामताप्रसाद आम्रवंशी ने युवाओं को विकसित भारत 2047 पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा समस्त अतिथियों, वक्ताओं व दल के सदस्यों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा सेवाकर्मी महेन्द्र कौरव व आभार व्यक्त लेखापाल राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवाकर्मी कमल किशोर मेहरा, रितु परसवार व वैशाली पाण्डे का सराहनीय योगदान रहा।

# ईको क्लब द्वारा विश्व गौरैया दिवस का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर के ईकोक्लब के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार एवं आतंरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशांनुसार प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा जूलॉजिकल सोसाइटी के गतिविधियों के आयोजन के तहत संयुक्त रूप से पारिस्थितिकी तंत्र में गौरैया की महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये इस वर्ष की थीम है गौरैयाः उन्हें एक ट्वीट-मौका दें! , आई लव स्पैरोज और वी लव स्पैरोज विषय पर आधारित विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च 2024 को मनाया गया। प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को स्थानीय प्रजातियों के गौरैया और अन्य पक्षियों के लिए सकोरे लगाना, अपनी खिड़कियों, छतों पर छोटे घर बनाने और भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने जैसी पहल करने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज के गार्डन में पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे लगाए गए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की होगी किल्लत



तेंदूखेड़ा- सूरज की तेज किरणों के बीच गर्मी की आहट शुरू हो गई है।अब दिनों दिन जमीनी जल स्तर नीचे की ओर खिसकने से घरों एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए लगाये गये हैंडपंपों स्थानीय जल स्रोतों का पानी भी काफी नीचे की ओर चला जायेगा। निश्चित तौर पर पेयजल के साथ निस्तार के पानी की किल्लत होगी। शासन द्वारा नल जल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति के लिए राशि तो खूब दी गई है। लेकिन संबंधित ठेकेदारों ने स्थानीय लोगों को पेटी पर काम देकर गुणवत्ता को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से काम कराये जाने के चलते कहीं पाइप लाइन टूटी तो कहीं केवल स्टांमपोस ही खड़े किए गए हैं। पानी की टंकियां भी शोभा की सुपाड़ी बनीं हुई है।इस घटिया व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय विधायक के द्वारा भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की गई थी लेकिन पी एच ई विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उचित ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रभावित ग्रामों के लोगों ने एक बार फिर भीषण गर्मी के पूर्व उचित व्यवस्था की मांग की है।

**टूटे पड़े हैंडपंप-** समीपी ग्राम खमरिया बरांझ जो कि नदी किनारे स्थित होने के बाबजूद भी यहां के लोगों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए दो से चार होना पड़ता है। वहीं ग्राम के बाहर तरफ शूलपांणेश्वर मंदिर के समीप बनें शवदाहगृह के सामने लगे हेंड पंप क्षतिग्रस्त हो जाने से टोला तरफ के लोगों एवं शवदाह करके आने वाले लोगों को नहाने धोने में परेशानी हो रही है।